# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

**तिथि 19 दिसंबर 2024** **समय 1810**

- संसद भवन परिसर में सत्तारूढ एवं विपक्षी सदस्यों के विरोध प्रदर्शन और जवाबी विरोध के बीच भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हुए।
- संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने शारीरिक बल का प्रयोग करने वाले वरिष्ठ नेता के आचरण पर आपत्ति जताई।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णाव ने संसद भवन में बी.जे.पी. सांसदों के घायल होने पर कांग्रेस की कड़ी निन्दा की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पुण्डरी हलके में मण्डी बोर्ड और लोक निर्माण विभाग की सड़कों के निर्माण सहित कई घोषणायें की। पुण्डरी को विकास के लिए 5 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि मिलेगी।
- हरियाणा के कृषि श्याम सिंह राणा ने कहा है कि सरकार कृषि उत्पादन बढ़ाने किसान कल्याण और हरियाणा को टिकाऊ खेती के रास्ते पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

संसद भवन परिसर में सत्तारूढ और विपक्षी सदस्यों के विरोध प्रदर्शन और जवाबी विरोध के बीच भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत आज घायल हो गए। मीडिया से बातचीत में श्री सारंगी ने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जिसके कारण वह सांसद उन पर गिर पड़े, और वे घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जब श्री गांधी आए तब वे सीढियों के पास खडे थे। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घायल सांसदों से बात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सांसदों ने बीजेपी सांसदों पर हमला किया। श्री रिजिजू ने शारीरिक बल का प्रयोग करने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के आचरण के प्रति आपत्ति जताई है।

**किरेन रिजिजू**

इस बीच, श्री गांधी ने कहा कि जब वे संसद के भीतर जाने का प्रयास कर रहे थे, तब बीजेपी के सांसद उन्हें रोकने की कोशिश की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें धक्का दिया गया और धमकाया भी गया।

*************************************************************

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णाव ने संसद भवन में विरोध-प्रदर्शन के दौरान भारतीय जनता पार्टी के दो सांसदों के घायल होने पर कांग्रेस की कड़ी निन्दा की है। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में उन्हों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस संसद की गरिमा नष्टा कर रही है। श्री वैष्णनव ने कहा

**अश्विनी वैष्णाव**

उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि कांग्रेस ने हमेशा ही बी.आर.आम्बेडकर का विरोध किया।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कैथल जिले में पूंडरी हलके के विकास के लिए कई घोषणाएं की । मुख्यमंत्री ने सांच गांव के राजकीय हाई स्कूल को अपग्रेड करके सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनाने और पूंडरी के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए और देने की घोषणा भी की ।उन्होंने कहा कि फतेहपुर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मंडी बोर्ड की सडक़ों के लिए 5 करोड़ रूपए और लोक निर्माण विभाग की सडक़ों के लिए 10 करोड़ रुपए मंजूर किए जाएंगे । इसके अलावा गांव कौल में नहर विभाग के विश्राम गृह का पुनर्निर्माण किया जाएगा और चंदाना माइनर की मरम्मत की जाएगी। मुख्यमंत्री विधायक सतपाल जांबा द्वारा पुंडरी में आयोजित धन्यवाद रैली को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूंडरी को उपमंडल बनाने वाली एक समिति बनाई गई है अगर उसकी रिपोर्ट सही आती है तो पूंडरी को उपमंडल का दर्जा दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि हमारी तीसरे कार्यकाल वाली सरकार पूंडरी में तीन गुणा अधिक गति से कार्य करेगी। पूंडरी के विकास के लिए बी जे पी सरकार ने 108 घोषणाएं की थी जिनमें से 91 घोषणाओं का काम पूरा हो चुका है और 6 पर तीव्र गति से काम हो रहा है।

श्री नायब सिंह

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कांग्रेस इसी तरह झूठ का सहारा लेती रही तो 2029 में इनका कोई नाम लेने वाला नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि डाक्टर भीम राव अंबेडकर को कांग्रेस की पीढिय़ों ने अपमानित करने काम किया है। अमित शाह कांग्रेस के उस चेहरे को बेनकाब कर रहे थे तो काँग्रेस ने हल्ला मचा दिया।

*****************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

*****************************************************************

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों को आश्वस्त किया है कि प्रदेश सरकार कृषि उत्पादन बढ़ाने, किसान कल्याण और हरियाणा को टिकाऊ और नवीन खेती के रास्ते पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।चंडीगढ़ में जारी बयान में कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषि आय में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि बाजरा जैसे मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार "श्री अन्न" श्रेणी के तहत इनकी ब्रांडिंग और प्रचार को प्राथमिकता दे रही है। इससे किसानों को बाजरा की खेती को प्रोत्साहित करने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने, बेहतर आय और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।कृषि मंत्री ने पानी के संरक्षण को महत्वपूर्ण बताते धान की खेती छोड़ने वाले किसानों को 7,000 रुपये प्रति एकड़ की दी जा रही प्रोत्साहन राशि बढ़ाने के संकेत दिए।उन्होंने नकली बीज, कीटनाशकों और उर्वरकों के उत्पादन और बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सरकार पराली न जलाने वाले किसानों को दी जाने वाली राशि को और बढ़ाने की योजना बना रही है और पर्यावरणीय स्थिरता में लाल -जोन से हरित -जोन में जाने वाली पंचायतों को नकद पुरस्कार देकर मान्यता देने पर भी विचार कर रही है।

*****************************************************************

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने आज कहा कि पूरे देश में 12 करोड़ से अधिक लोगों ने बीजेपी की सदस्यता ले ली है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों की नीतियों को देखते हुए आज हर कोई भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी बी जे पी सदस्यों की संख्या 37 लाख को पार कर गई है। वह आज सोनीपत में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों द्वारा **एक राष्ट्र एक चुनाव** का काँग्रेस द्वारा विरोध किए जाने बारे पूछे प्रश्न के उत्तर में श्री बड़ोली ने कहा--

मोहन लाल बड़ोली

श्री मोहनलाल बड़ोली ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने सारी बाते संसद में रखी है। जल्द ही सभी दल इस पर एकमत होंगे और देश के विकास क़ो नई गति मिलेगी ।

*************************************************************

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार करनाल जिले में आज से 24 दिसंबर तक विशेष अभियान 'प्रशासन गांव की ओर' चलाया जा रहा है। जिला उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी जिले के प्रत्येक गांव में जाकर और लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। उन्होंने बताया कि समस्याओं के निपटान के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।उन्होंने बताया कि गांवों में जन प्रतिनिधि, खंड विकास एवं पंचायत विभाग तथा राजस्व विभाग के साथ-साथ अन्य विभाग भी आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और मौके पर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इन समस्याओं का पूरा रिकॉर्ड जिला स्तर पर भी एकत्रित किया जाएगा।उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई योजनाओं का लाभ समय पर मिलना और जनता की समस्याओं का तय समय में निपटान सुनिश्चित करना है ।